मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26 अरेरा हिल्स, किसान भवन, जेल रोड, भोपाल – 462004

Website : www.mpmandiboard.gov.in E-mail : mdmandiboard@gmail.com Tel: 0755-2553429

क्रमांक/बी–5/2/अनुज्ञा–मॉडयूल/2014–15/302 भोपाल दिनांक 01/08/2015

प्रति,

संयुक्त संचालक/उप संचालक,
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
आंचलिक कार्यालय,
भोपाल/इंदौर/उज्जैन/ग्वालियर/सागर/जबलपुर/रीवा (म0प्र0)

विषयः–प्रदेश की कृषि उपज मण्डी समितियों में ई–(मण्डी) अनुज्ञा पत्र मॉडयूल को क्रियान्वित किये जाने संबंधी।

संदर्भः–कार्यालयीन पत्र क्रमांक/बी–5/2/अनुज्ञा–मॉड्यूल/2014–15/264–265 दिनांक 13 मई 2015 एवं पत्र क्रमांक 277–278 दिनांक 29 मई 2015।

–0–

उल्लेखित विषय में प्रदेश की समस्त मण्डी समितियों में दिनांक 01 जून 2015 से ऑनलाईन ई–(मण्डी) अनुज्ञा पत्र मॉडयूल के Web based यू0आर0एल0 :- http://mpsc.mp.nic.in/emandi/ को लॉगिन कर USER MANUAL "e-(Mandi) Anugya" में दी गई बिन्दुवार प्रक्रियाओं को अपनाते हुये ''अनुज्ञा पत्र (पुस्तिका के द्वारा)'' का अनुसरण कर अंचल की मण्डी समितियों से जारी अनुज्ञा पत्रों की प्रविष्टी का कार्य दैनिक रुप से आरम्भ कर निरंतर रखने के निर्देश संदर्भित पत्र से दिये गये हैं।

वर्तमान में मण्डी के प्रशिक्षित कर्मचारी द्वारा ऑनलाईन ई–(मण्डी) अनुज्ञा पत्र मॉडयूल प्रणाली के स्क्रीन प्रारुप–10 (अनुज्ञा पत्र हेतु घोषणा पत्र) के बिन्दु ''मण्डी रसीद क्रमांक और दिनांक की जानकारी की प्रविष्टि तो सही की जा रही है परन्तु मण्डी शुल्क की राशि'' की त्रुटिपूर्ण प्रविष्टि के कारण इस संदर्भ में स्वतः जनित ''अनुज्ञा पत्र शुल्क रिपोर्ट'' में विसंगति पाई गई है जिसका निवारण किये जाने हेतु वर्तमान में ऑनलाईन संचालित ई–अनुज्ञा प्रणाली में निम्नानुसार संशोधन किया गया है :–

''उपरोक्त के स्थान पर मण्डी शुल्क रसीद नंबर, मण्डी शुल्क रसीद दिनांक, मण्डी रसीद से जमा कुल मण्डी शुल्क की राशि की प्रविष्टि के उपरांत वर्तमान अनुज्ञा पत्र पर देय मण्डी शुल्क की प्रविष्टि की जानकारी दर्ज करने की प्रक्रिया दिनांक 01 अगस्त 2015 से लागू होगी। उपरोक्तानुसार जानकारी पूर्ण रुप से दर्ज होने पर ही प्रारुप–10 ऑनलाईन जमा हो पायेगा। अंचल की मण्डी समितियों में इसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जावे।

(ए0पी0एस0सोलंकी)
अपर संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रमांक / बी–5 / 2 / अनुज्ञा–मॉडयूल / 2014–15 / 303 भोपाल दिनांक 01/08/2015

प्रतिलिपि :–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

(01) निज सहायक, प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल (म0प्र0)।

(02) उप संचालक (नियमन) मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल (म0प्र0)।

(03) सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति .... जिला .... (म0प्र0) :– विषय संदर्भ में दिये गये निर्देशों का पालन अनिवार्य रुप से सुनिश्चित करें।

अपर संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल